## खबर संक्षेप

### शोकाकुल परिवार से मिले राष्ट्रीय संयोजक

**मण्डला।** सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक नजीर अहमद खान के इंतकाल हो जाने पर शोकाकुल परिवार से मिलने के लिए राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजस्व विभाग में नजीर अहमद खान का कार्यकाल सराहनीय ही नही उम्मदा रहा है गरीब जरूरतमंदो की मदद के लिए अब्बा जी को जाना और पहचाना जाता था इस दौरान उन्होंने उनके पुत्र पत्रकार इस्माइल खान से कहा कि पिता की पूर्ति कोई नही कर सकता संकट का समय जरूर है लेकिन विधि का विधान कौन मिटा सकता है। इस दौरान पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, कैलाश डहेरिया उमाशंकर गुड्डु सिंधिया, दीपक कछवाहा, रोहित बघेल, अनमोल अग्रवाल, गुड्डा भाईजान के साथ परिजन व मित्र उपस्थित रहे।

### 23 दिसम्बर 2024 को होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

**मण्डला।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माननीय प्रधानमंत्री की मंशानुसार पंच प्राण और आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में प्रातः 10.30 से किया जाएगा। युवा उत्सव में कुल 07 विधाओं को शामिल किया गया है। विज्ञान मेला एकल/समूह, लोकनृत्य समूह, कविता लेखन, भाषण, पेंटिंग एवं मोबाइल फोटोग्राफी। अधिकाधिक संख्या में जिले के इच्छुक युवा जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग ले सकते है। युवा उत्सव में सहभागिता हेतु आधार कार्ड की फोटोकॉपी एवं स्वयं का फोटो लेकर आना अनिवार्य है।

## घर पहुंचने पर होने लगी उल्टी-दस्त की शिकायत

# स्कूली बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती

*** चंद्र ज्योत के बीज खाने को बताई जा रही वजह।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

चंद्र ज्योत बीज खाने से आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक शाला के बच्चों की तबीयत खराब नारायणगंज जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिक्योरिटी के गांव भानपुर में आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक शाला भानपुर के बच्चों ने चंद्र जोत बीच के खाने से उन्हें उल्टियां होने के कारण बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में लाया गया है बताया जाता है कि करीब 2:00 बजे लंच का समय में बच्चों ने जाकर चंद्र जोत के बीज पास में ही लगे हुए थे उनके खाने से अचानक उन्हें घर जाकर स्कूल में भी आंगनबाड़ी में भी उल्टियां हो रही थी लेकिन कर्मचारी एवं कार्यकर्ताओं की लापरवाही के कारण उन्हें घर ना छोड़कर वैसे ही वे लोग अपने ही घर में जाकर अचानक उल्टियां करने लगे जिससे उनके अभिभावक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया बच्चों एवं बच्चियों का अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया जिसमें हर्षित तेकाम, पिता रामस्वरूप तेकाम उम्र 5 वर्ष भानपुर आंगनवाड़ी सक्षम तेकाम पिता रामस्वरूप तेकाम आंगनबाड़ी भानपुर सूर्य कुमार मरावी पिता दिनेश मरावी उम्र 3 वर्ष शिवम मरावी पिता अनूप मरावी उम्र 4 वर्ष बालकृष्ण पिता शिव रतन उम्र 7 वर्ष प्राथमिक शाला भानपुर शुभम भवेदी पिता देव सिंह भवेदी उम्र 7 वर्ष प्राथमिक शाला के गगन पिता राजकुमारों के उम्र 7 वर्ष प्राथमिक शाला वैभव द्विवेदी पिता विनोद भवेदी उम्र 7 वर्ष प्राथमिक शाला तृषा द्विवेदी पिता दिनेश द्विवेदी उम्र 3 वर्ष हर्षित पिता छोटेलाल उम्र 3 वर्ष आंगनवाड़ी शिवांशी पिता दिनेश मरावी उम्र 7 वर्ष प्राथमिक शाला भानपुर अभिषेक भवेदी पिता लखन उम्र 6 वर्ष आंगनबाड़ी के तानिया पिता रामेश्वर के उम्र 5 वर्ष आंगनबाड़ी देवासी विश्वकर्मा पिता देवेंद्र विश्वकर्मा उम्र 5 वर्ष आंगनबाड़ी हिमांशी कोकड़िया पिता त्रिलोक कोकड़िया 7 वर्ष प्राथमिक शाला भानपुर विशाखा पिता बुद्धू लाल उम्र तीन वर्ष आंगनबाड़ी मृदुल परिवार पिता विनोद परिवार उम्र 4 वर्ष आंगनबाड़ी समीक्षा मसराम पिता रामलाल मसराम उम्र 8 वर्ष प्राथमिक शाला आरसी विश्वकर्मा पिता मनोज विश्वकर्मा उम्र 5 वर्ष आंगनवाड़ी खबर लगते ही तहसीलदार मैडम सुश्री रैना तामिया एवं , मुख्य कार्बन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज गौरी शंकर, डेहरिया परियोजना अधिकारी संजय मेहरे, शिक्षा विभाग से उनके कर्मचारी मंडल अध्यक्ष किशनलाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमृतलाल कल एवं डॉक्टर वीके द्वारा इलाज किया जा रहा है डॉक्टर द्वारा बताया गया है कि बच्चों की स्थिति ठीक है और कुछ घंटे के बाद स्वस्थ हो जाएंगे प्राथमिक शाला भानपुर के टीचर जिनकी संख्या दो हाथी राकेश बड़वाल विनोद मरावी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकुंतला कुलस्ते भी वहां पर मौजूद थी बच्चों की स्थिति धीरे-धीरे समान होती जा रही है।



### जनपद सीईओ द्वारा दिये गये थे निर्देश

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज में 2024 को बैठक में समस्त आंगनबाड़ी एवं समस्त स्कूलों को निर्देश दिया गया था कि अपने आसपास संस्थानों में रतनजोत एवं लेनटाना (रामफूल) जैसे पेड़ों की साफ-सफाई की जावे ताकि स्कूल एवं आंगनबाड़ी के बच्चे इनका सेवन न कर सकें लेकिन लापरवाही के कारण विगत तीन चार माह हो गए उनके निर्देशों का कोई पालन नहीं किया गया जिससे आज 19 बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं और अपना उपचार करा रहे हैं। हालांकि प्रशासन एवं शिक्षा विभाग बच्चों के बीमार होने की वजह चंद्र ज्योत के बीजों का सेवन बता रहा है लेकिन कुछ पालक यह भी कह रहे हैं कि मध्यान्ह भोजन करने के बाद बच्चों की तबियत खराब हुई इस पर भी जांच होनी चाहिये।

## कलेक्टर ने किया दिव्यांग ई-लाईब्रेरी का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने दिव्यांग ई-लाईब्रेरी का निरीक्षण करते हुए मूलभूत सुविधा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से लाईब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में चर्चा की। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, ऐसी टाईबल संतोष शुक्ला, रंजीत गुप्ता, एपीसी केके उपाध्याय, सीएमओ नगरपालिका गजानंद नाफडे सहित संबंधित उपस्थित थे।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के अनुरूप मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही लाईब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षा की शैक्षणिक सामग्री रखें जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कम्प्यूटर, एसी, प्रतियोगी परीक्षा की बुक, पेपर स्टैंड आदि क्रय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आवश्यकता अनुसार शौचालय की मरम्मत कराएं। साथ ही लाईब्रेरी की पुताई कराने के निर्देश दिए।

### लॉन टेनिस कोर्ट का भी किया निरीक्षण

पुलिस लाईन में स्थित लॉन टेनिस कोर्ट का शुभांरभ 23 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने लॉन टेनिस कोर्ट का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि समयपूर्ण सभी तैयारियों को पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकेचला, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, खेल युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र ठाकुर सिंह सहित संबंधित उपस्थित थे।



## केन्द्रीय मंत्री ने किया आशुतोष का किया सम्मान



**मण्डला।** 16 दिसंबर को केन्द्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया। जिसमें मण्डला जिले के आशुतोष जायसवाल एवं पूर्णिमा रजक को सम्मानित किया गया है। बता दें कि आशुतोष जायसवाल ने अभी हाल ही में पंजाब में आयोजित सब जूनियर नेशनल वूशु स्पर्धा में मध्यप्रदेश का नेतृत्व किया था एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। वही पूर्णिमा रजक ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक प्राप्त किए हैं। यह कार्यक्रम जनसंपर्क कार्यालय कमला रोड नागपुर में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में श्री गडकरी एवं अनेक नामचीन हस्तीयों ने शिरकत की है। वहीं इस दौरान श्री गडकरी ने आशुतोष से चर्चा करते हुए बुशू खेल के बारे में पूछा आशुतोष ने अपना परिचय दिया और इस खेल की विधि को बताया श्री गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार खिलाडिय़ो के लिए अनेक आयोजन समय-समय पर करती है।

## बस स्टैण्ड, चौक चौराहों में आवारा पशुओं के कारण वाहन चालक परेशान



**भुआबिछिया।** प्रदेश सरकार कुछ भी करले कितने ही नियम कानून बनाले मगर बिछिया नगर के बस स्टैंड चौक चौराहों में आवारा मवेशियो के कारण यात्री वाहन से लेकर व्यापारी राहगीर सभी परेशान हैं आए दिन कोई न कोई हादसा होता रहता है बस स्टैण्ड हो व्यापारिक प्रतिष्ठान हो चाहे सब्जी बाजार सभी जगह चौक चौराहों में आवारा मूक मवेशी बकरे बकरिया खुले में घूम रहे हैं कही लड़ रहे हैं इसके बाद भी नगर परिषद् के द्वारा सुधार के लिए कोई कारगर उपाय नहीं किए जा रहे हैं, अच्छा होता इन मवेशी मालिको को बुलाकर सचेत किया जाता ओर उन्हे पनिश किया जाता या फिर हाका गैंग भेज कर इनकी व्यस्था कराई जाए कांजी हाउस में रखा जाए या अलग से परिषद इन आवारा मूक मवेशी बकरे बकरियो के लिए गौ आश्रम बनाया जाए ओर वहीं उनकी सेवा कराई जाए मवेशी मालिकों को सचेत किया जाए और कोई सुधारात्मक कार्य किए जाए जिससे आम बाजार हाट चौक चौराहों में आवारा मूक मवेशी बकरे बकरियो के कारण कोई दुर्घटना न हो।

## कड़कड़ाती ठंड में स्वेटर पाकर मुस्कुरा उठे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नारी विकास समिति के द्वारा किये सहयोग से 1.0 बच्चों के चेहरों पर उस समय मुस्कान खिल उठी जब एकीकृत मा शा बर्राटोला खुड़िया के बच्चों को 2 डिग्री टेम्प्रेटर की कड़कड़ाती ठंड में मुलायम गर्म स्वेटर प्राप्त हुये। इस नेक कार्य में अपराजिता महिला परिषद की जैन बहनों ने भी पूर्ण सहभागिता की। प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के संपूर्ण बच्चों को स्वेटर वितरित किये गए। नाविस और अपराजिता की बहनों ने सहयोग करके इस पुण्य कार्य में अपना अपना योगदान दिया। इस वात्सल्य से परिपूर्ण आयोजन में इस कार्यक्रम का संयोजन नाविस सचिव और अपराजिता प्रांतीय पदाधिकारी डॉ अर्चना जैन ने किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी अग्रवाल नाविस उपाध्यक्ष, सरिता गोयल नाविस कोषाध्यक्ष, पिंकी सराफ़, प्रमिला अग्रवाल, नीता डोंगसरे, ममता डोंगसर, अंकिता जैन अपराजिता अध्यक्ष, श्वेता जैन अपराजिता कोषाध्यक्ष, सीमा जैन, नेहा जैन ने उपस्थित होकर बच्चों को स्वेटर वितरण किया। प्रीति दुबे ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। शाला की प्रधानअध्यापिका श्रीमती नमिता श्रीवास्तव ने अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया। शाला का समस्त स्टाफ जिसमें कु निरंजना ठाकुर श्रीमति विद्या वरकडे, प्रगति पटेल, मुकेश सैयाम, पुष्पलता सैयाम एवम सीएसी मुकेश तिवारी ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की एवम समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

**उपाय** | **फसलों को बचाने किसान करें ये उपाय।**

# चार डिग्री से नीचे पहुंचा पारा, पाले की आशंका

*** एक रात में ही खड़ी फसल हो जाती बर्बाद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले के किसानों के लिए जारी एडवाईजरी में कहा गया है कि वर्तमान में ठंड का प्रकोप अधिक होने के कारण लगातार तापमान में गिरावट आ रही है जिसके कारण पाला पड़ने की सम्भावना होती है। शीत लहर के बढ़ते प्रकोप और तापमान में आ रही गिरावट को देखते हुए, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग जिले के किसानों को पाले से फसलों को बचाने के उपाय बताए हैं। उप संचालक कृषि श्रीमति मधु अली के मुताबिक रात का तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से कम होने पर पाला पड़ने की सम्भावना होती है। पाले से मुख्य रूप से सब्जी फसलों में ज्यादा नुकसान होता है इसके अलावा दलहनी फसलों को भी पाले से नुकसान हो सकता है। पाले के सम्भावना तब और अधिक हो जाती है जब शाम को आसमान साफ हो और हवा बंद हो, किसानों को पाले के प्रभाव से बचाने के लिए दीर्घकालीन उपायों में वायु अवरोधक पेड़ उत्तर पश्चिम मेढ़ों पर लगाने चाहिए। पाले के प्रभाव से फल-फूल प्रभावित होते हैं और पत्तियों पर ओस की बूंद के जमने से कोशिकाएं फट जाती है जिससे पत्तियों का हरा रंग समाप्त हो जाता है और मिट्टी के समान दिखाई देने लगता है। पत्तियों के सड़ने से बैक्टीरिया जनित बिमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। पत्ती, फल एवं फूल सूख जाते हैं और फल के ऊपर धब्बे पड़ जाते हैं एवं स्वाद भी खराब हो जाता है। फसल को पाले से बचाने के लिए किसानों को सिचाई करना चाहिए। साथ ही मेढ़ों पर धुआं करने, दवाईयों का इस्तेमाल, पॉलिथीन का इस्तेमाल करने से फसलों का कुछ हद तक पाले से बचाव किया जा सकता है। पाले से बचाव हेतु दवाईयों का उपयोग जैसे यूरिया की 2 किलो मात्रा 100 लीटर पानी की दर से घोल बनाकर फसलों पर छिड़काव करना चाहिए अथवा 8-10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से भुरकाव करना चाहिए अथवा घुलनशील सल्फर 80 प्रतिशत डब्लू डीजी की 40 ग्रा. मात्रा प्रति 15 ली. पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव किया जा सकता है। ऐसा करने से पौधों की कोशिकाओं में उपस्थित जीवद्रव का तापमान बढ़ जाता है। इसके अलावा किसान एक रस्सी को दो लोग लेकर खेत के दोनो छोर लेकर चलने से भी फसल पर जमी ओस की बूंदे गिर जाती है और पाला का प्रभाव नहीं हो पाता है। किसान की फसल पाले से प्रभावित हो जाने की स्थिति में फसल को पुनः जीवन देने के लिए बोरान 100 ग्राम प्रति एकड़ अथवा चिलेटेड जिंक 100 प्रति एकड़ की दर से 100 ली. पानी में मिलकर स्प्रे कर सकते हैं जिससे कोशिकाओं में और फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है।



## रक्षित केन्द्र मण्डला में रक्तदान शिविर का आयोजन

*** 50 यूटिन रक्त हुआ एकत्रित।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

रक्तदान जीवन दान के उद्देश्य से कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस लाईन के रक्षित केन्द्र मण्डला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला सहित जिला पुलिस बल ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि रक्तदान को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। मानव-जीवन के सभी दान में से रक्तदान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से न केवल किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती है, अपितु रक्तदान करने से हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। शिविर में रक्तदाता को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। रक्तदान शिविर में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, डॉ. प्रवीण उईके सहित संबंधित उपस्थित थे।




# विकास के नाम पर सालीचौका में करोड़ों खर्च होने के बाद भी स्थिति में बदलाव कोसों दूर









**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।**

केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा लगातार विकास की गति को अंजाम देने की बात कहते लगातार सुना जाता है। वही दूसरी ओर विकास के नाम पर हर वर्ष करोडो रूपया तो खर्च किये जा रहे है। मगर इसके बाद भी जब लोगों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध न हो पाये तो निश्चित उस विकास कार्यो की सच्चाई पर सबाल खड़े होने से नही चूक पाते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई सालीचौका नगर में देखने मिल रही है जहां पर कहने के लिए तो सालीचौका को ग्राम पंचायत से बढ़कर नगर परिषद का दर्जा मिले हुये साल साल से भी अधिक का समय बीत चुका है। मगर नगर के हिसाब से आम लोगों को जो सुविधाएं मिलना चाहिए थी वह कोसो दूर तक दिखाई नही दे रही है। इस सच्चाई के चलते स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि लोग अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझने के लिए मजबूर होने से नही चूक पा रहे है। वही दूसरी ओर कृषि के लिए प्रमुख माने जाने वाला सालीचौका क्षेत्र के लोग अनेक प्रकार जरूरी सुविधाओं के मोहताज हो रहे है। मुख्य रूप से देखा जावे तो नगर में प्रमुख माने जाने वाले बस स्टेन्ड सहित बाजार के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध नही होने के चलते गरीब अपनी रोजी रोटी के खातिर मुख्य मार्ग के किनारों में दुकान लगाकर जान जोखिम में डालते हुये दुकानदारी करते हुये देखे जा रहे है और यही हाल उन लोगों का जो बस स्टेन्ड नही होने के कारण बस यात्री मुख्य मार्ग पर खड़े होकर ही बसों का इंतजार करने के लिये मजबूर है? कहने के लिए तो सालीचौका में एक सप्ताह के दौरान दो दिन साप्ताहिक बाजार लगता है। इस तरह यहां पर लगने वाले रविवार व गुरूवार के बाजार में नगर सहित क्षेत्र में अनेक गांवों के दुकानदार अपनी दुकान लेकर आते है जो अपनी रोजी रोटी की खातिर मुख्य मार्ग पर ही बैठकर दुकानदारी करते हुए देखे जाते है, इस स्थिति में इन दुकानदारों द्वारा मुख्य मार्ग अपनी दुकानदारी करने के दौरान उनकी जिन्दगी खतरे से खाली नही रहती है। क्योंकि जिस मार्ग पर यह बाजार लगता है उसी मार्ग से छोटे से लेकर बडे वाहनों का दिन भर निकलना होता है। इस स्थिति के चलते जब बाजार भरने की स्थिति रहती है तो जहां बाजार में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। वही दूसरी ओर इस बाजार से निकलने वाले वाहनों के चलते बाजार में आस पास के गांवों से सब्जी, लकड़ी, कपड़ा सहित अन्य दुकानदारी करने के लिए आने वाले लोगों की जान को भी खतरा बना हुआ देखा जाता है। इस स्थिति के चलते जब बडे वाहनों का निकलना होता है और इस दौरान यदि किसी वाहन से वाहन चालक द्वारा नियंत्रण खो दिया गया तो निश्चित ही किसी बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? क्योंकि जिस मार्ग पर यह बाजार लगता है उस मार्ग से जहां बारहाबड़ा की ओर जाने वाले बड़ी बसों के आलवा भारी भरकम डम्फरों सहित ट्रेको व रेत व मिट्टी का परिवहन करने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों की धमाचौकड़ी दिन भर मची रहती है, जिसके चलते यहां अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण करने यानि की रोजी रोटी कमाने के लिए दूर के गांवों से आने वाले दुकानदारों की जान पूर्णरूप से खतरे में दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर उन लोगों की जान भी खतरे से सुरक्षित नही होती है जो मुख्य मार्ग के किनारे लगने वाली इन दुकानों से खरीददारी करने के लिये आम लोग पहुंचते है..? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इसी मार्ग से जहां रेल्वे स्टेशन से आने जाने वाले रेल यात्रियों का भी आना जाना लगा रहता है। वही स्कूली छात्रा छात्राओं का भी जिसके चलते बाजार के दिन जहां मुख्या बाजार में जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण लोगों को आने जाने में तो परेशानियों का सामना करते हुए देखा ही जाता है। मगर इस प्रकार से अपनी जान को जोखिम में डालते हुये रोजी रोटी कमाने वाले इन गरीबों की जिन्दगी को सुरक्षित करने की ओर शायद किसी भी जिम्मेदार द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है, जो निश्चित ही किसी दिन कोई बड़े खतरे को इंतजार करते हुये जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर सालीचौका को ग्राम पंचायत से बढ़कर नगर परिषद का दर्जा प्रा्रप्त हुये पूरा सात साल से भी अधिक का समय बीत चुका है। मगर इसके बाद भी नगर परिषद द्वारा आज तक साप्ताहिक बाजार के लिए उचित जगह उपलब्ध न करा पाना जहां नगर परिषद की कार्यशैली अनेक प्रकार के सबाल खड़े करते हुये जान पड़ रहे है। वही दूसरी आये दिन क्षेत्र में विकास की बात कहने वाले नेताओं की भूमिका भी सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रही है? वही बाजार में आने वाले दुकानदारों को अन्य सुविधाओं की उपलब्धता की सच्चाई देखी जावे तो बाजार में आने वाले बाहर के दुकानदारों सहित आम लोगों को यहां पर शौचालय, पेशाब घर सहित अन्य सुविधाओं के लिए परेशान होते हुये सदा ही देखा जाता है। जबकि इस बाजार में दुकानदारी करने वाले दुकानदारों से नपा द्वारा नियम के अनुसार टैक्स बसूली तो की जाती है मगर उनसे टेक्स के रूप में ली जाने वाली राशि के बदले सुविधाओं से बंचित रखा जा रहा है, जिसके चलते उनकी जान माल खतरे में होने के साथ साथ अन्य परेशानियों से जूझने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? वही मुख्य मार्ग पर लगने वाले बाजार के चलते दुकानदारों की जान को खतरा पैदा होने की बात को लेकर जब हरिभूमि ने क्षेत्र के लोगों से चर्चा की गई तो क्षेत्रवाससियों कहना है कि जिस प्रकार से सालीचौका में लगने वाला यह साप्ताहिक बाजार मुख्य मार्ग के किनारे लग रहा है वह निश्चित ही चिंताजनक है । क्योंकि इसी मार्ग से छोटे से लेकर बड़े बडे वाहनों का निकलना होता है और सड़क किनारे जिस प्रकार से दुकानदार अपनी दुकाने लगाकर बैठे रहते है उससे निश्चित ही उनकी जान के लिए खतरा है। जहां एक ओर शासन द्वारा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शहरों से लेकर गांवो में हाट बाजार निर्मित कराये जा रहे है, मगर सालीचौका में दुकानदार अपनी जान को खतरा में डालकर रोजी रोटी कमाने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस प्रकार से सड़क किनारे दुकाने लगने के बाद जब दुकानों पर ग्राहक पहुंचते है तो पूरा मुख्य मार्ग बंद होने की स्थिति में पहुंच जाता है और उसी दौरान बसों या फिर अन्य वाहनों का निकलना होता है तो वहां पर दुकानदारों के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी भी खतरे से खाली नही रहता है, जिसके चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वैसे भी देखा जावे तो सालीचौका इस क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए शहर के रूप में प्रमुख इसलिए माना जाता है कि क्योंकि क्षेत्र के लोगों को बैक, बिजली, राजस्व सहित अन्य कार्यो के लिए यही पर आना पड़ता है, वही सप्ताह में दो दिन लगने वाले बाजार के दौरान क्षेत्र के लोग अपने जरूरी समान को खरीद लेते है। मगर अभी तक सालीचौका का बाजार की सुरक्षित जगह पर स्थापना न हो पाना निश्चित चिंता की बात है।

## खबर संक्षेप

### वीर बाल दिवस पर 26 दिसम्बर तक स्कूलों में होंगे अनेक आयोजन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सिक्खों भाईयों के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों, साहिबजादा ज़ोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान के मौके पर 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश के स्कूलों में 16 दिसंबर से 26 दिसंबर तक शिक्षण संस्थाओं वीर पुत्रों के बलिदान पर केन्द्रित आयोजन होंगे। इस संबंध मे लोक शिक्षण संचालनालय से जारी निर्देशानुसार वीर बाल दिवस के मौके पर "मेरे सपनों का भारत', 'मुझे किससे खुशी होती है', विषय पर चित्र कला, कहानी एवं निबंध लेखन की गतिविधियाँ होंगी। माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिये 'राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका और विकसित भारत के लिये मेरा दृष्टिकोण' विषय पर निबंध लेखन, कविता, वाद-विवाद एवं डिजिटल प्रेजेंटेशन होगा। इस संबंध मे बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, नीलम मरावी, बीआरसी डी के पटैल एवं संदीप स्थापक ने निर्देश दिये हैं कि शालाओं में प्रार्थना सभा में बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों की प्रेरणादायी कहानियाँ सुनाई जायें। इसके अलावा MyGov/MyBharat प्लेटफार्म पर कहानियों के सत्र, रचनात्मक लेखन, पोस्टर निर्माण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों की अधिक से अधिक सहभागिता करायी जाये।

### जन कल्याण योजनाओं का लाभ देने नपा में आयोजित किया शिविर



**गाडरवारा।** शासन के निर्देश अनुसार मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के अंतर्गत कल 17 दिसंबर 2024 दिन मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में नगर के आजाद वार्ड व महाराणा प्रताप वार्ड का सयुंक्त शिविर अंबेडकर भवन गाडरवारा में आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस शिविर में उक्त वार्डो के हितग्राहियों को विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं (पीएम स्वनिधि, आयुष्मान कार्ड अनुग्रह सहायता ) जैसी महत्वपूर्ण योजनाओ का लाभ प्रदान किया गया । इस शिविर में वार्ड पार्षद श्रीमती पूजा तिवारी एवं श्रीमती राजकुमारी कौरव भी उपस्थित रही । वही वार्ड पार्षदो द्वारा हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए विभाग की ओर से शिविर प्रभारी हिमांशु अतुलकर, शुभांशु साहू, जनकल्याण पर्व नोडल मेघा गुप्ता के आलवा परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास उमा वर्मन द्वारा योजना संबधी जानकारी दी गई तथा आंगनवाड़ी सुपरवाइजर पूनम ठाकुर, वार्ड प्रभारी नगर पालिका के कर्मचारी एवं उषा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निर्मल ग्रामों की बर्बादी, कमीशन की आड़ में आंखे बंद किये हुए अधिकारी?

**सांईखेड़ा।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के तहत गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। वही दूसरी ओर गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी आफिसों में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है ।



## जनशिक्षा केंद्र स्तर पर आयोजित हुए शैक्षिक संवाद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार क्षेत्र के जनपद शिक्षा केंद्र साईंखेड़ा एवं चीचली के अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र स्तरो पर शासकीय शालाओं मे कक्षा पहली एवं दूसरी कक्षा पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। बताया जाता है कि शैक्षिक संवाद कार्यक्रम साईंखेड़ा ब्लॉक के जनशिक्षा केंद्र कन्या नवीन का चिरह कला, पलोहा बड़ा का धोखेड़ा, बम्होंरी कला का खिरिया, आदर्श स्कूल गाडरवारा का टाउन स्कूल, आमगांव छोटा का बेलखेड़ी एवं सीएम राइज साईंखेड़ा का वही पर शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। इसके अलावा चीचली ब्लॉक मे जनशिक्षा केंद्र चीचली, सूखाखैरी, कठोतिया, तेंदूखेड़ा, बारहाबड़ा, करपगांव, शाहपुर, सालीचौका मे भी शैक्षिक संवाद आयोजित किये जा रहे है। इस बार के शैक्षिक संवाद मे पीयर लर्निंग विषय पर शिक्षकों से चर्चा की गईं। डाइट से व्याख्याता डी के सेन ने शाहपुर के शैक्षिक संवाद का अवलोकन कर निर्देश देते हुए कहा की सभी शिक्षक संवाद मे आये बिन्दुओ का अध्ययन कर उनका शिक्षण मे उपयोग करें। शैक्षिक संवादो मे बीआरसी डी के पटैल, संदीप स्थापक, बीएसी अरुण दुबे, मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया सहित समस्त जनशिक्षक एवं सहजकर्ता सक्रिय रहे।

## निर्माण कार्य पूरा होने के चंद दिनों बाद ही उखड़ना शुरू हुआ दस करोड़ से भी अधिक की लागत से बनाई गई गाडरवारा से गरधा रोड, गुणवत्ता पर सवाल..?






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** गांवों के विकास को लेकर सरकार द्वारा मनमना पैसा तो खर्च किया जाता है। मगर प्रशासन तंत्र में बैठे हुये अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम रहता है कि शासन की राशि से होने वाले विकास कार्य गफलत बाजी की भेंट चढ़ने से नही चूक पाते है, जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो गांवों में प्रधानमंत्री व मुख्य मंत्री सड़क योजना से बनाये जाने वाली सड़को की सच्चाई तो इस तरह से देखी जाती है कि वह अपना पहला जन्म दिन मनाने की बात तो दूर उनका निर्माण कार्य पूरा होने के पहले ही टूटते हुये गुणवत्ता की कहानी उजागर करने से नही चूक पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा पिपरिया रोड एस एव 22 से ग्राम पिपरिया कला पैकेज क्रमांक 26721 के तहत लगभग 16.800 किलो मीटर लम्बाई की इस सड़क का निर्माण कार्य प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दस करोड़ से भी अधिक रूपया की लागत यानि की मौके पर स्थापित किये वोर्ड में दर्शाई गई 1010.70 लाख रूपया की लागत से बनाई जा रही इस सड़क को देखने मिल रहा है जिसका निर्माण कार्य मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार कुछ समय हुआ है...? मगर देखा जा रहा है कि सड़क जहां तहां से उखड़ना शुरू होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता उजागर होने से नही चूक पा रही है। इस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जाने वाली सड़क के संबंध में बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य 12 अगस्त 2021 से शुरू हुआ है जिसकी पूर्ण होने की तिथि 11 फरवरी 2023 थी। वह निर्माण कार्य करने वाली कंपनी यानि की ठेकेदार विंदल डेबलपर्स बताया जाता है तथा कार्य करने वाली एजेन्सी म.प्र. ग्राम सड़क विकास प्राधिकरण परियोजना किया इकाई नरसिंहपुर है। वही सड़क में पुलो की संख्या 5 तथा पुलियो की सुख्या 12 बताई जाती है। इस तरह निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि के अनुसार इसे पूरा हुआ मात्र चंद माह ही निकले हुये है। वही अभी तक जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उसकी स्थिति इस तरह से देखने मिल रही है कि जहां तहां गड्ढे नजर आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता उजागर होने से नही चूक पा रही है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या इस सच्चाई के साथ बनाई गई सड़क ग्रामीणों के लिये वर्षो तक सुविधा जनक बनने की कल्पना की जा सकती है..? इस तरह अपने निर्माण को चंद माह ही गुजरने के बाद जिस तरह जहां तहां सड़क टूटते हुये नजर आ रही है वह अपनी गुणवत्ता उजागर करते हुये जहां संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि किसी भी निर्माण कार्य को भले ही निजी कंपनी द्वारा संपादित किया जाता है मगर उसकी देख रेख करने की जिम्मेदारी सरकार द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारी की होती है। मगर पता नही अधिकारियों के आंखों में किस तरह की पट्टी होती है कि उनकी देखरेख में बनाई जाने वाली सड़क एक साल का समय भी पूरा करने के पहले टूटना शुरू होने से नही बच पाती है? कुछ इसी तरह की सच्चाई इस सड़क में भी दिखाई देने शुरू होने से क्षेत्र के लोगों द्वारा बनाई जा चुकी सड़क की निष्ठा के साथ जांच कराये जाने की मांग करते हुये कहा जा रहा है कि कहा जा रहा है कि निर्माण की गुणवत्ता की गई गफलत बाजी का परिणाम है कि सड़क टूटना शुरू हो गई है। वैसे भी देखा जावे तो इस सड़क का निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा पांच वर्ष की गारंटी के साथ कार्य किया गया है..? क्योंकि किसी भी कंपनी की गारंटी उस अवधि से शुरू होती है जिस तारीख को निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि निर्धारित की जाती है।

## वैश्य महासम्मेलन के तहसील स्तरीय सम्मेलन का हुआ आयोजन..






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

> वैश्विक परिस्थितियों में समय बड़ा कठिन है हर जगह अराजकता का माहौल है और इस अराजकता का शिकार कोई होता है तो वह व्यापारी समुदाय है और व्यापारी समुदाय का एक अंग वैश्य समाज होता है।

समाज के विभिन्न घटकों को समाहित कर एक सूत्र में पिरोना वैश्य महासम्मेलन का उद्देश्य है। उपरोक्त उद्गार संभागीय उपाध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नवनीत चाचा ने नगर के एक निजी होटल में आयोजित हुये तहसील स्तरीय सम्मैलन में मुख्य अतिथि के रूप में दिये। आयोजित कार्यक्रम में सारस्वत आतिथ्य उपस्थित वरिष्ठ सदस्य मिनेन्द्र डागा ने कहा कि वर्तमान समय में संगठन की महत्ता है। क्योंकि संगठन हमे सुरक्षा और आत्मविश्वास प्रदान करता है, वैश्य समाज की सहभागिता समाज की हर गतिविधि में रहती है। हम सामाज के लिए निरंतर कार्य करे ऐसी अपेक्षा है। इसी प्रकार से संभागीय उपाध्यक्ष मुकेश सिंघई करेली ने वैश्य कैलेंडर के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष चौ. अजय जैन ने संगठन के विस्तार की भूमिका रखी। वही महिला ईकाई जिलाध्यक्ष श्रीमती सपना जैन ने संगठन की महिला ईकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। युवा ईकाई के जिला प्रभारी अमित जैन संजय ने वर्तमान में युवाओं की भूमिका पर बात रखते हुए आगामी समय में सामाजिक क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों को रखा। मंच पर जिला उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष मनीष लूनावत, तहसील प्रभारी तेन्दूखेड़ा टिंकू अग्रवाल, युवा ईकाई अध्यक्ष एड. गगन अग्रवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती व माँ लक्ष्मी का पूजन अर्चन से किया गया। वही स्वागत उद्बोधन निर्वतमान तहसील अध्यक्ष राजीव जैन थाला वालो ने दिया। वरिष्ठ जनों द्वारा अपने उद्बोधन में वैश्य कल्याण ट्रस्ट, वैश्य भवन निर्माण के साथ अन्य बिंदु भी रखे गए। इस मौके पर तहसील गाडरवारा का पुनर्गठन किया गया जिसमें नगर के प्रतिष्ठित उमाकांत बरसैया को मुख्य ईकाई का तहसील अध्यक्ष व अखिलेश खंताल को युवा ईकाई का तहसील अध्यक्ष बनाया गया। इसी मौके पर वैश्य महासम्मेलन परिवार के घनश्याम सरावगी,एडवोकेट प्रशांत अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, टेकचंद जैन नीलेश कठल सहित तहसील महिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू जैन, श्रीमती श्वेता दुगड, श्रीमती अंजलि अग्रवाल , श्रीमती सुरभि नीखरा, श्रीमती खुशबू जायसवाल ,श्रीमती कीर्ति श्रीवास्तव, श्रीमती सोनिया जैन सहित अन्य लोग मौजूद थें। आयोजन में वैश्य महासम्मेलन के सत्र 2025 का कैलेण्डर विमोचन भी उपस्थित अतिथि व साथियों ने किया। इस मौके पर सभी साथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वैश्य महासम्मेलन युवा ईकाई के जिलाध्यक्ष इंजी. आयुष कठल व आभार युवा अध्यक्ष अखिलेश खंताल द्वारा व्यक्त किया गया।

## नरवाई में जलाने से जमीन को होता है नुकसान, जलाने के जगह खाद बनाने में किया जाये इस्तेमाल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



अक्सर देखा जाता है कि जब किसानों द्वारा अपने खेतों से गेंहू फसल हो या फिर धान की फसल को काटने के बाद उसकी शेष बची नरवाई यानि की डंठलों में आग लगा दी जाती है। इस तरह नरबाई जलाने से जहां जमीन को क्षति पहुंचती है इसके लिये लगातार जारूक किया जा रहा है। क्योंकि नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ता है। मृदा का कार्बनिक पदार्थ कम होने के साथ- साथ नरवाई जलाने से मृदा के लाभकारी सूक्ष्म जीव भी नष्ट होते हैं। धान की कटाई के उपरांत नरवाई जलाने से गेंहूँ की बुवाई समय पर नहीं हो पाती, जिससे फसल पकने की अवस्था में तापमान बढ़ने से गेहूँ की फसल को अधिक तापमान से गुजरना पड़ता है और उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को क्षति पहुंचती है। इसके चलते खेत में केंचुए मर जाते हैं और लाभदायक जीवाणुओं की सक्रियता में भी कमी आती है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित होती है। मृदा की उर्वरा शक्ति का ह्रास होता है। फसल अवशेष जलाने के बजाय उसे खाद बनाने की सलाह कृषि विभाग द्वारा दी गई है। किसानों को सलाह दी गई कि वे फसल अवशेष को जुताई कर मिट्टी में मिलाएं और इससे नाडेप या वर्मी कंपोस्ट बनाएं। इससे खेत की जलधारण क्षमता बढ़ती है और उपजाऊ शक्ति में सुधार होता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के अनुसार अब फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने वाले किसानों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रतिबंध भी लगाया है। राज्य शासन के पर्यावरण विभाग द्वारा वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के अंतर्गत जारी अधिसूचना के प्रावधानों के अनुपालन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश को वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए अधिसूचित किया गया है। मप्र में वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम के तहत नरवाई जलाना तत्समय से तत्काल प्रतिबंधित किया गया है, जो वर्तमान में निरंतर है। पर्यावरण विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना के अंतर्गत नरवाई में आग लगान वालों के विरूद्ध क्षतिपूर्ति के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। दो एकड़ तक के कृषकों को 2500 रुपये, दो से 5 एकड़ तक के कृषकों को 5 हजार रुपये और 5 एकड़ से बड़े कृषकों को 15 हजार रुपये का अर्थदंड प्रति घटना का प्रावधान किया गया है। वही किसानों से अपेक्षा जताई है कि वह अपने खेतों की नरवाई में आग लगाने की जगह उसका खाद के रूप में उपयोग कर सकते है जिससे जहां फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा तो दूसरी ओर खेतों में निवास करने वाली जींव की हत्या के पाप से भी बचा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**शहपुरा।** शहपुरा नगर के वार्ड क्रमांक 1 मैं श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ कथा के शुभारंभ में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो शहपुरा नगर की प्राचीन दुर्गा मढिया से होकर वार्ड क्रमांक 1 कथा स्थल पर पहुंची कथा के मुख्य यजमान शिवराम रजक सीता रजक के द्वारा श्रीमद् भागवत पुराण का पूजन अर्चन किया गया साथ ही कथावाचक पंडित अनादि मिश्र का स्वागत किया गया सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में सम्मिलित हुए आगामी सात दिवस तक नगर में भागवत कथा का आयोजन होगा

### बिना परमिट दौड़ रही थी बस पुलिस ने की कार्यवाही



**शहपुरा।** डिंडोरी जिला के बिछिया चौकी क्षेत्र से कुंडम जबलपुर तक चल रही बिना परमिट वाली बस पर बिछिया पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई है। डिंडोरी एसपी वाहिनी सिंह की निर्देशन पर वाहनों की चेकिंग अभियान के तहत बिछिया चौकी प्रभारी सहित स्टाफ द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान बिना परमिट के चल रही बस को जब्त किया गया है। बताया गया कि संबंधित बस क्रमांक एमपी 50 पी 0194 बिछिया से कुंडम होते हुए जबलपुर रूट पर चल रही थी। मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत चालान कर न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही है। बस को चौकी प्रांगण मे खड़ा कराया गया है। बताया गया कि बिना परमिट के बस पिछले लगभग पांच माह से चल रही थी।

### पूर्णिमा के अवसर पर हुई मां नर्मदा की भव्य महा आरती



**शहपुरा।** पूर्णिमा के पावन अवसर पर कन्हैया संगम रेवा तट पर मां नर्मदा की भव्य महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया आपको बता दें कि कन्हैया संगम मां नर्मदा तट पर मां नर्मदा पूर्णिमा महाआरती समिति के द्वारा विगत कई वर्षों से मां नर्मदा की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाता है पूर्णिमा के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा तक पहुंच कर पवित्र डुबकी भी लगाई इस अवसर पर भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती मनोज सोनी मुकेश गुप्ता राजेश गुप्ता नितिन गुप्ता मुदित गुप्ता धनंजय गुप्ता अभिषेक शुक्ला काशी अग्रवाल सहित मदर महा पूर्णिमा महाआरती समिति के सदस्य एवं श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

# नियम विरुद्ध क्रेशर संचालन के विरूध्द जयस ने सौंपा ज्ञापन

## निराकरण न होने पर जन आंदोलन की चेतावनी

**जबलपुर - अमरकंटक हाइवे रोड निर्माण एजेंसी के द्वारा करंजिया अंतर्गत ग्राम बुंदेला क्रेशर संचालन से ग्रामीणजन नाराज हैं ग्रामीणों का कहना है कि एग्रीमेंट के रकवा से ज्यादा जमीन पर खनन किया जा रहा है,परिवहन के लिए उपयोग किए जा रहे भूमि के भूमि स्वामी से ना कोई सहमति ली गई है और ना ही कोई अनापत्ति ली गई है, जिससे भूमि की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ रहा है,**

डिंडौरी।



ज्ञापन में मुख्य रूप से मांग कि गई कि क्रेशर प्लांट से होने वाले प्रदूषण से आसपास के ग्रामीणजन,बच्चे बूढ़े प्रभावित हो रहे हैं,प्लांट संचालकों द्वारा प्रदूषण से बचाव के गाइडलाइंस का सही पालन नहीं किया जा रहा है,परिणामस्वरूप आसपास के लोगों को गंभीर स्वास्थ समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।प्लांट संचालकों द्वारा अवैध खनन भी किया जा रहा है, किसान को उचित मुआवजा भी नहीं दिया गया है,जबकि खनन से किसानों की भूमि पूरी तरीके से बंजर हो जा रही है खनन के बाद खनन की गई भूमि पर मिट्टी का भराव भी नहीं कराया जा रहा है,अवैध खनन से शासन को भी राजस्व का घाटा हो रहा है।किसानों के उपजाऊ और खेती योग्य जमीन से भारी वाहनों से परिवहन कर व्यायसायिक उपयोग किया जा रहा है जिसकी लिए ना ही सहमति और अनापत्ति नहीं ली गई है जिससे किसानों की जमीन को दुष्प्रभाव पड़ रहा है और जमीन की गुणवत्ता गिर रही है इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा यह सुनिश्चित नहीं है,उत्खनन के दौरान होने वाले ब्लास्ट से आसपास के रहने वाले कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है,जिनको न ही मुआवजा दिया गया न ही उनके सुरक्षा के लिए कोई कदम उठाया जा रहा है। प्लांट के लिए विद्युत आपूर्ति के लिए जो विद्युत लाइन लगाया गया हैं, वो पकरी गांव के विद्युत आपूर्ति लाइन के ऊपर से लिया गया है, दोनों के दूरी में कम अंतराल होने से गांव वालों को कई बार विद्युत समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिससे कई बार शॉर्ट सर्किट हो जाने से गांव में विद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है, भूमि स्वामी बाबूलाल खसरा न 377 ग्राम पंचायत काटीगहन में प्रशासन द्वारा 30000 घन मीटर खनन की अनुमति दी है जिसे तोड़ते हुए रकवा से बाहर खनन किया जा रहा है,ज्ञापन में जिक्र किया गया है कि यदि समस्या का निराकरण नहीं होता है तो जन आंदोलन भी किया जा सकता है।ज्ञापन में भुवनेश्वरी पट्टा सरपंच काटीगहन ,सुषमा परस्ते बुंदेला सरपंच,जयस ब्लॉक अध्यक्ष अभिलाष श्याम,जयस मीडिया प्रभारी अर्चना सिंह मार्को, सुषमा धुर्वे,जयस जिला उपाध्यक्ष दीपक मसराम,अशोक पट्टा,अनिल परस्ते, रोशन पन्दराम,राममिलन मरकाम, अशोक कुशराम, उपस्थित रहे।

### इनका कहना है,,,

सरकार ने पांचवीं अनुसूची के नाम पर आदिवासियों के मद से लाखों करोड़ों प्रचार में खर्च कर दिया परंतु आज दिनांक तक अधिकार नहीं मिले अवैध खनन से अनुसूचित क्षेत्र डिंडोरी के जैव-विविधता, संस्कृति और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है नियम विरुद्ध ग्रामीणों के जमीन का व्यावसायिक प्रयोग किया जा रहा है यदि ये नहीं रूका तो जन आंदोलन पर मजबूर होना पड़ेगा।

**अभिलाष श्याम**
**जयस ब्लाक अध्यक्ष करंजिया**

हमेशा से ही बड़े उद्योग हों या खनन या अन्य परियोजना ठेकेदार का फायदा और शोषण आम जनता का होता है, प्रशासन से मांग है कि इस अनियमितता पर रोक लगाएं

**अर्चना मार्को**
**जयस मीडिया प्रभारी,डिंडोरी**



# धान उपार्जन केंद्र छॉटा को बंद कर किसानों को किया जा रहा परेशान

**डिंडोरी।** आज भारतीय किसान संघ तहसील डिंडोरी तहसील अध्यक्ष खमोद चन्देल के अगुवाई में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन में लेख हैं कि विगत कई वर्षों से धान उपार्जन केंद्र छांटा में स्थानीय स्तर में खरीदी की जाती है लेकिन इस वर्ष निगवानी गोदाम में खरीदी किया जाना सुनिश्चित किया गया है जबकि छांटा से निगवानी गोदाम 15 से 20 किलोमीटर पड़ता है जिससे किसानों को अधिक परिवहन का भार उठाना पड़ेगा साथ ही आने-जाने में किसानों को परेशानी होगी जिससे किसान अपनी उपज विक्रय करने में असमर्थ है धान उपार्जन केंद्र छांटा का खरीदी स्थानीय स्तर पर किया जावे किसानो की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जल्द निराकरण करने हेतु ज्ञापन दिया गया है जिससे किसान समय पर अपनी उपज विक्रय कर सके। अन्यथा की स्थिति में किसान जिला एवं प्रदेश स्तर में विरोध करेगी जिसका जिम्मेदार पूर्ण रूप से प्रशासन का होगा उपस्थित रहे जिला उपार्जन एवं विपणन प्रमुख खिलपत गौतम द्वारका ठाकुर राम रूप चंदेल एवं अन्य किसान उपस्थित रहे हैं।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर नृशंस हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**- बायपास रोड, सिध्द टेकरी के नीचे दुष्कर्म और हत्या की सनसनीखेज वारदात को दिया था अंजाम**

**- दुष्कर्म और हत्या की चर्चित मामले की तत्कालीन थाना प्रभारी चंद्रकिशोर सिरामे द्वारा की गई थी विवेचना**

डिंडोरी।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास रोड सिध्द टेकरी के नीचे सुनसान स्थान पर 01 मार्च 2022 को सिरफिरे युवक ने नाबालिग आदिवासी लडकी के साथ दुष्कर्म कर पत्थर से सिर कुचल कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था, घटना की सूचना मिलते ही मुख्यालय सहित जिले भर में सनसनी फैल गई थी। मामलें की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए सभी तरह के पहलुओं को लेकर जांच करने के निर्देश दिए थे, दुष्कर्म और हत्या की सनसनीखेज वारदात की प्रभावी विवेचना सिटी कोतवाली में पदस्थ रहें टीआई चंद्रकिशोर सिरामे द्वारा की गई थी, विवेचना के दौरान एकत्र की गई साक्ष्यों के आधार पर दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को विशेष न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### - यह है पूरा मामला

01 मार्च 2022 को सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली कि राजूषा स्कूल के पीछे खेत में एक लडकी का शव पडा है, तब शिकायतकर्ता ने जाकर देखा तो उसके खेत में आने जाने वाले रास्ते में मेढ के किनारे एक लडकी जिसकी उम्र करीबन 18 से 20 वर्ष की लाश चित्त पडी है, उसके शरीर पर कोई कपडे नही है ,उसके सिर,माथे,व गर्दन में चोट लगी है,और खून निकला है आस पास ईट कांक्रीट के पत्थर पडे है, जिसमें खून लगा है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने अज्ञात लडकी के सिर माथे व गर्दन में चोंट पहुँचाकर हत्या कर दी है। विवेचना में संकलित साक्ष्य के आधार पर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 154.2022 सत्र प्रकरण क्रमांक 52.2022 के आरोपी प्रदीप कुमार परिहार पिता महेश परिहार उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्र 6 गल्ला



गोदाम को आदिवासी बालिका का बलात्कार कर उसकी हत्या करने के मामले में न्यायालय कमलेश कुमार सोनी, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट द्वारा आरोपी को दण्ड से दण्डित किया है।

### - 06 धाराओं में अलग अलग सुनाई सजा

आरोपी प्रदीप कुमार परिहारध्महेश परिहार को धारा 366 भादवि के अपराध के लिए 05 वर्ष कठोर कारावास एवं 1000- का अर्थदण्ड की सजा, धारा 302 भादवि के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 1000- का अर्थदण्ड की सजा, धारा 201 भादवि के अपराध के लिए 03 वर्ष कठोर कारावास एवं 1000- का अर्थदण्ड की सजा, धारा 3.4(1) पॉक्सो एक्ट के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 1000- का अर्थदण्ड की सजा, धारा 3(2)(अ) एससीध्एसटी एक्ट के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 1000- का अर्थदण्ड की सजा समेत धारा 3(2)(अक) एससीध्एसटी एक्ट के अपराध के लिए 03 वर्ष कठोर कारावास एवं 1000 - का अर्थदण्ड, अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर क्रमशरू धाराओं में 02-02 माह अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा से दण्डित किये जाने आदेश पारित किया गया है। अभियोजन की ओर से मनोज कुमार वर्मा, विशेष लोक अभियोजक द्वारा प्रकरण का सशक्त संचालन किया गया ।

# मंगलवार को जनसुनवाई में प्राप्त 27 आवेदनों की हुई सुनवाई

डिंडोरी।



कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 27 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त जनपद पंचायत के सीईओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। जनसुनवाई में ग्राम मोहदा निवासी रामकुमार ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके नाम से मेढबांध स्वीकृत करा राशि आहरण की गई है। उक्त मामले की जांच कर कार्यवाही करने हेतु सीईओ जनपद पंचायत समनापुर को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार से समनापुर निवासी सुभद्रा बाई परस्ते ने प्रधानमंत्री आवास भवन की मांग की। सरपंच ग्राम पंचायत नारायणडीह ने आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम टिकरीपिपरी बंधान टोला में हैण्डपंप खनन की मांग की। बम्हनी निवासी लखन सिंह ने भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत कर कब्जा हटवाने की मांग की। ग्राम जाताडोंगरी निवासी लम्मू सिंह बैगा ने भी उसकी जमीन पर अन्य व्यक्तियों के द्वारा कब्जा करने की शिकायत कर कब्जा हटवाने की मांग की। मनोज कुमार ने बताया कि नगर परिषद डिंडौरी में इलेक्ट्रीशियन के पद पर कार्यरत हैं, उन्हें विगत चार माह से भुगतान नहीं किया गया है, मनोज कुमार ने दैनिक दर पर भुगतान की मांग की। सचिव सरस्वती आजीविका स्व सहायता समूह ग्राम मुढियाकला कृष्णा बाई ने प्राथमिक शाला ठाकुर टोला ग्राम मुढियाकला में वर्तमान में कार्यरत रसोईया को आदेश प्रदान कर पारिश्रमिक भुगतान कराने की मांग की। जनसुनवाई मे प्राप्त सभी आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

# अतिक्रमण हटाने के नाम पर हो रही खानापूर्ति



**गाड़ासरई-** डिंडोरी जिले के बजाज ब्लाक अंतर्गत गाड़ासरई में बस स्टैंड परिसर में पिछले कई वर्षो से लगातार अतिक्रमण किए हुए हैं, गाड़ासरई के बस स्टैंड के लिए जमीन देने करने वाले ने बताया कि उनके द्वारा सन 1991 मे 85 बाई 90 बस स्टैंड के लिए जमीन दान की थी , वावजूद इसके बस स्टैंड के दुकानदारों के द्वारा जरूरत से ज्यादा कब्जा किया गया है, जबकि इस सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को कई बार सूचना दी गई , और बस स्टैंड में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की खानापूर्ति भी हुई पर वहाँ से आजतक अवैध कब्जा नही हटा पाए , प्रसासन के द्वारा जब भी अतिक्रमण हटाने अधिकारी पहुंचते है ,दुकानदरों द्वारा राज्य परिवहन निगम से सम्पर्क कर जमीन पर अपना हक जता रहे हैं, और प्रसासन की कार्यवाही वही फिर थम जाती है, इस तरह बस स्टैंड में वर्षो से दुकानदार ने अवैध कब्जा जमा रखा है, और उनपर कोई कार्यवाही आजतक नही हो पा रही है , कोई ठोस कार्यवाही ना होते देख सभी अब तक पैर पसार रहे हैं,और धीरे धीरे अपनी छोटी सी दुकान का इजाजत लेकर अपनी दुकान को बढ़ाते जा रहे हैं,वैसे भी बस स्टैंड में जगह ना होने के कारण बस स्टैंड में यात्रियों के लिए सुविधा नही मिल पा रही हैं,उस पर दुकानदारों के अवैध कब्जे ने बस स्टैंड की जगह को और कम कर दिया है, जमीन दाताओं के द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाने बड़े अधिकारियों को लिखा गया, पर अवैध कब्जा आजतक नही हट सका 1 अतिक्रमण हटाने के नाम से खानापूर्ति , बस स्टैंड में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण हटाने के नाम से कुछ एक दुकान हटाकर अधिकारी खानापूर्ति कर अपनी जिम्मेदारी से बचते रहे है, जहाँ अतिक्रमण हटाना चाहिए उस जगह पर उनका कोई ध्यान नही जा रहा ,शनिवार को गाड़ासरई बस स्टैंड के अंदर रखा एक टपरे को प्रसासन द्वारा हटाकर खानापूर्ति की गई,पूरे मार्केट में लगता है जाम नही बन पा रही व्यवस्था गाड़ासरई मार्केट में जब देखो जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, सड़को पर बेतरतीब खड़े वाहनों ने परेशान कर रखा है, मनमाने ढंग से सड़कों पर गाड़िया खड़ी करके गोल हो जाते हैं, नतीजन जाम लग जाता है, यहाँ सड़को से सटकर दुकानें सज रही है उस पर गाड़ियों वालो की मनमानी कम होने का नाम नही ले रही है, पूरे गाड़ासरई में लोगो ने अतिक्रमण कर रखा है, और तो और शासकीय कार्यलय पशु चिकित्सालय के सामने भी दुकानदारो ने कब्जा जमा रखा है, वही विश्राम गृह के सामने बहुत सी दुकानें लग रही है, जिस ओर किसी अधिकारी का ध्यान नही है, और लोग लगातार अतिक्रमण करते जा रहे हैं 1

# विधानसभा घेराव में अमरपुर के कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मध्य प्रदेश विधानसभा घेराव विगत 16 दिसंबर 2024 को किया गया। जिस प्रदर्शन में महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर के नेतृत्व में एवं अशोक पड़वार अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी डिंडौरी के निर्देशन एवं अमित गुप्ता कार्यकारी जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल होकर जीतू पटवारी अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी, उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष एवं ओमकार सिंह मरकाम विधायक डिंडौरी को संबल प्रदान किए। जहां कार्यकर्ताओं में पार्टी के प्रति भारी जोश एवं उत्साह देखा जा रहा हैं। प्रदर्शन हेतु जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ब्लॉक प्रभारी तोक सिंह मरावी सभी कार्यकर्ताओं के साथ रहे। जिस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से राम सिंह मरावी ब्लॉक महामंत्री, मल्ली बाई उईके पूर्व जनपद अध्यक्ष, केवल कृष्ण नेटी ब्लॉक अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, चमरू सिंह चढ़चढिया उपाध्यक्ष साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ता छत्तर सिंह नेताम, रामकुमार बघेल, छोटू यादव, रामकुमार कुशराम आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किए।



## खबर संक्षेप

### अधिकारी ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**गोटेगांव**-विगत दिवस दिन मंगलवार को धान खरीदी केंद्रों का वेयर हाउस प्रबंधक सुश्री लक्ष्मी ठाकुर द्वारा निरीक्षण किया गया एवं किसानों में हित में खरीदी केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि किसानों को धान खरीदी केंद्रों में कोई परेशानी ना हो एवं शासन के मापदंडों के अनुसार बेहतर क्वालिटी की धान ही खरीदी जाए। उन्होंने आज गोटेगांव ब्लॉक के सभी धान उपार्जन केंद्रों का दौरा करके निरीक्षण किया।इस दौरान किसान बंधु भी उपस्थित थे।सुश्री लक्ष्मी ठाकुर ने वेयर हाउसों में धान की खरीदी और स्टॉक का भी निरीक्षण करके खरीदी में लगे प्रबंधकों से धान खरीदी में आ रही परेशानियों का भी जायजा लिया।किस वेयर हाउस में कितनी धान अभी तक खरीदी गई है उसका भी अवलोकन करके जानकारी ली।

### जूनियर महिला वर्ग कबड्डी के खिलाड़ियों की चयन स्पर्धा आज



**गोटेगांव**-जिला कबड्डी संघ के द्वारा जिला जूनियर महिला वर्ग टीम का चयन 18 दिसंबर बुधवार को सुबह 10: बजें सहयोग कीड़ा मंडल नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में चयन स्पर्धा संपन्न होगी जिले के समस्त प्रबंधक महिला वर्ग जूनियर कबड्डी खिलाड़ी कोंच फेडरेशन के समस्त पदाधिकारी टीमों के मैनेजर अपनी अपनी महिला कबड्डी खिलाड़ियों के साथ एक फोटो और आधारकार्ड कांपी साथ लायेंगे चयन प्रक्रिया पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल जिला कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष के सानिध्य में खेल संपन्न होंगे चयनित टीम के खिलाड़ियों को जिला कबड्डी संघ प्रशिक्षण दिया जाएगा जानकारी जिला सचिव कबड्डी संघ नरसिंहपुर सत्यनारायण मिश्रा द्वारा जानकारी दी गई। बीएसी शिक्षक उमाशंकर छिरा पीटीआई रंजीत घोसी उमाकांत राजपूत राहुल नामदेव ईश्वर सिंह पटेल शोभाराम दौहेया खेल युवा कल्याण विभाग समन्वयक इंदु सिंह ठाकुर दीपक पटवा समस्त खेल शिक्षक उपस्थित रहेंगे।

### सोनू महाराज बनें तेंदूखेड़ा मंडल अध्यक्ष



**तेंदूखेड़ा** विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक संरचना के तहत मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के चलते तेंदूखेड़ा मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज को बनाया गया है साथ ही चांवरपाठा मंडल अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह पटेल पुनः नियुक्त हुये है। विगत दिनों तेंदूखेड़ा में समारोह पूर्वक नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को पुष्पाहारों को सम्मानित किया गया।

## ग्राम पंचायत बचई एवं चौराखेड़ा लगा शिविर

# मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के दौरान कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत बचई एवं चौराखेड़ा में लगाये गये शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां शिविर में आये आवेदनों एवं उनके निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बचई में 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों और मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की जानकारी ली। यहां उन्हें बताया कराया गया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के कुल 54, कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के कुल 4 और 70 वर्ष से कम आयु वाले 980 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### आज लगाये जायेंगे शिविर

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक जिले में चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जिले की 6 जनपद पंचायत नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, चांवरपाठा, चीचली और सांईखेड़ा में क्लस्टर बनाकर ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार 18 दिसम्बर को जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलिया, मुराछ, बंधी व पिठेहरा और जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमाड़ा, खैरीपाली, मुंआर व बोदरी में शिविर लगाये जायेंगे।

### नगर के इन वार्डो में लगेगा शिविर



मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर जिले के नगरीय निकायों में लगाये जा रहे हैं। इन शिविर के माध्यम से वंचित पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकित कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत 18 दिसम्बर को नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर के नेहरू वार्ड, शंकर वार्ड, निरंजन वार्ड, महाजनी वार्ड, नरसिंह वार्ड, संजय वार्ड व किसानी वार्ड के लिए श्री नरसिह मंदिर प्रांगण में, नगर पालिका परिषद करेली के नरसिंह वार्ड के लिए ब्रिज के नीचे, नगर पालिका परिषद गोटेगांव के गांधी वार्ड के लिए आसरा स्थल पानी की टंकी और नगर परिषद तेंदूखेड़ा के रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के लिए पुरानी नगर परिषद ई- लाईब्रेरी के सामने शिविर लगाये जायेंगे।

### आवेदनों का किया गया निराकरण

शिविर में 771 लोगों के आयुष्मान कार्ड बन गये हैं, 18 व्यक्ति ग्राम से बाहर व 6 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है। आज शिविर में 75 आवेदन आये, जिनमें से 45 आवेदनों का मौके पर ही निकराकरण किया गया। इन आवेदनों में मुख्य रूप से लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, संबल कार्ड, पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नक्शा व खसरा दुरस्ती से संबंधित थे। इसी तरह पंचायत चैराखेड़ा में 52 आवेदन आये, जिनमें से 32 का मौके पर ही निराकरण किया गया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, ग्राम रोजगार सहायक, सचिव को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के आधार कार्ड, मोबाइल से लिंक नहीं है, उन्हें आधार अपडेट कराने के लिए भेजें और इसका फॉलोअप लेते रहें। यहां उन्होंने ग्रामवासियों से भी रूबरू संवाद किया। ग्राम पंचायत चैराखेड़ा में जर्जर किचन शेड व सामुदायिक कक्ष के मरम्मत के भी निर्देश दिये।

### स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा का किया निरीक्षण



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, दवाईयों की उपलब्धता की स्थिति, टीबी जांच, पैथोलॉजी, प्रसव कक्ष सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी समस्त जानकारी आमजन तक सुगमता से उपलब्ध हो। संस्था प्रभारी डॉ. हेमंत लालवानी ने बताया कि यहां प्रतिदिन लगभग 100 ओपीडी की जाती है। अभी ज्यादातर मरीज सर्दी, खांसी एवं बुखार के आ रहे हैं। टीबी की जांच यहां माइक्रोस्कोप तरीके से होती है। कलेक्टर ने यहां नि शुल्क की जा रही विभिन्न जांच की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, सीईओ जनपद, संबंधित अधिकारी और स्थानीय अमला मौजूद था।

### विद्यार्थियों को वितरित किये गर्म कपड़े



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विकासखंड नरसिहपुर के जन शिक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर बड़ा अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय प्राथमिक शाला पीपरपानी में पदस्थ शिक्षिका सुरभी शर्मा द्वारा स्कूल के 36 बच्चों को गर्म ऊनी स्वेटर का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक ओ पी राय, बी ए सी बृजेश नेमा, जनशिक्षक राम मनोहर झारिया राजेश वस्तवार शिक्षक दुर्गेश उइके द्वारा शिक्षिका सुरभि शर्मा द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा कर छात्र - छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया।

### 6 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न, प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सामान्य उद्यमिता विकास प्रबंधन- ईडीपी (उद्यम सखी) का 6 दिवसीय प्रशिक्षण 11 से 16 दिसम्बर तक सेंट आरसेटी- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 34 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि कृषि के अलावा गैर कृषि कार्य करने के लिए उद्यम सखी ग्रामीण स्तर पर आजीविका मिशन द्वारा रखी जा रही है। इसमें वह ग्रामीणों को व्यवसाय, कंपनी गैर कृषि से जुड़ी जरूरतों का व्यवसाय करने के लिए प्रेरित करेंगे। यदि वित्तीय आवश्यकता समूह की महिलाओं को होती है, तो समूह के माध्यम से ऋण या मुद्रा योजना के तहत आवेदन कर लोन ले सकती हैं। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम श्रीमती मीना परते, डीएम आजीविका मनीष, निदेशक श्रीमती अनामिका मल्ल, संकाय सदस्य श्रीमती शिखा कुशवाहा, श्रीमती सिंधु शर्मा, अन्य अधिकारी-कर्मचारी और प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार आशीष नामदेव ने किया।



### अतिक्रमण हटाने की मांग किया प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को नगर के मध्य स्थित यादव कालोनी रोड पर हुये अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर प्रर्दशन किया गया। नगर के अष्टांग चिकित्सालय से लेकर पंचमुखी हनुमान मंदिर तक सड़क किनारे हुए अतिक्रमणों को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोग लंबे समय से संघर्षरत हैं। इस मुद्दे पर कई बार ज्ञापन सौंपे गए और चेतावनियां भी दी गई, लेकिन प्रशासन की ओर से केवल औपचारिक कार्रवाई की गई। जिससे नाराज लोगों ने बड़ा प्रदर्शन किया। पीड़ितों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अतिक्रमण हटाने के लिए अंतिम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रशासन ने यदि इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो बड़ा स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मुद्दे पर पहले भी कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई थीं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## मिडिल स्कूल की शुरु हुई अर्धवार्षिक परीक्षायें



**तेंदूखेड़ा** सोमवार से शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय शालाओं में प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग की अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रारंभ हो गई है। समय सारणी के अनुसार सोमवार को शुरुआती दिन कक्षा तीन से आठवीं में हिंदी विषय का प्रश्न पत्र छात्राओं ने हल किया। विदित हो कि प्रतिदिन 11 से 1:30 बजे तक परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन एवं अगले दिवस के पेपर की तैयारी कराने के निर्देश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा कक्षा पहली से दूसरी तक के बच्चों की नहीं हो रही है। उनके लिए एफ़एलएन पाठ्यक्रम आधारित मूल्यांकन होगा। उक्त परीक्षा 21 दिसंबर तक जारी रहेगी। उसके उपरांत अंकों की प्रविष्टि राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर की जाएगी।

## कृषि प्रधान क्षेत्र में कृषि अधिकारियों का टोटा

### विकास खंड में 18 की जगह मात्र 8 स्थानों पर है अधिकारी



**तेंदूखेड़ा** एक तरफ जहां खेती को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में तरह-तरह के यतन किए जा रहे हैं। वहीं आधुनिक खेती के जरिए उन्नतशील कृषक बनने की दिशा में पर्याप्त मात्रा में अधिकारी ना होने की स्थिति में क्षेत्र के कृषकों को समय पर उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है। विकास खंड की यह स्थिति 18 अधिकारियों की जगह यहां पर मात्र आठ ही अधिकारी पदस्थ हैं।वाकी शेष स्थान प्रभार में चल रहे हैं। तेंदूखेड़ा भामा चांवरपाठा देवरी मढेश्वर लिलवानी सगोरिया सीहोरा में कृषि अधिकारी तो पदस्थ हैं। लेकिन काचरकोना मंहगुवा विलगुवां खुलरी ढिलवार कोड़ियां भोरझिर लिंगा और बोहानी प्रभार में चल रहे हैं। इतना ही नहीं विकासखण्ड कार्यालय चांवरपाठा में एक लिपिक और एक अधिकारी होने के साथ यहां पर भृत्य काफी लंबे समय से नहीं है। कृषकों का मानना है कि यदि प्रत्येक सेक्टर में अधिकारी रहते हैं तो कृषकों को समय समय पर उचित मार्गदर्शन के साथ शासन की योजनाओं का लाभ भी मिलता है।

### मृदा परीक्षण केंद्र प्रारंभ हो

केंद्रीय मंत्रिमंडल में शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्री के साथ ग्रामीण विकास का दायित्व सौंपा है। जिससे क्षेत्र के कृषकों को एक नई उम्मीद का संचार हुआ है। वहीं मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने हाल ही में प्रदेश के मृदा परीक्षण केंद्र प्रारंभ कराये जाने की घोषणा से तेंदूखेड़ा मृदा परीक्षण केंद्र को भी शुरू होने की उम्मीद जागी है। निश्चित तौर पर इस केंद्र के खुलने से कृषक निर्धारित शुल्क जमा करके मृदा की जांच करा सकतें हैं। इससे केवल तेंदूखेड़ा क्षेत्र ही नहीं बल्कि तीन जिलों के अंतर्गत आने वाले सीमावर्ती गांवों के कृषकों को सीधा लाभ मिलने लगेगा।

### मंडी परिसर में शासकीय ग्रेडिंग मशीन की जरूरत

शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर अधिकांश उपजों को खरीदने का निर्णय लिया है। लेकिन खरीद केंद्र पर जाने वाली उपज की सही ग्रेडिंग ना होने की स्थिति में उसे खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है।या फिर ग्रेडिंग सिस्टम के लिए यहां वहां व्यवस्था करनी पड़ती है या स्वयं स्टिम खरीदना मजबूरी हो जाया करती है। चूंकि बड़े बड़े कास्तकार यह व्यवस्था निजी स्तर पर कर लेते हैं छोटे छोटे कृषकों को इसकी आवश्यकता महसूस की जाती है। यदि शासकीय स्तर पर क्रृषि उपज मंडी परिसर में यह व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर हो जाती है तो कृषक मंडी में आने के साथ एक निर्धारित शुल्क के साथ ग्रेडिंग करा सकता है।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की समस्यायें



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में लोगों द्वारा अपनी समस्याये सुनाई गई। जनसुनवाई के दौरान 17 शिकायतों को स्वयं सुना एवं सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों के समयावधि में निराकरण हेतु सख्त निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अमजनों की शिकातयों को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक, श्रीमती मृगाखी डेका द्वारा मारपीट, पैतृक संपत्ति विवाद, महिला प्रताड़ना संबंधी 17 शिकायतों के शिकायतकर्ताओं को स्वयं सुना गया एवं शिकायतों के समयावधि में निराकरण हेतु जिले के सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

### जनसुनवाई में आये 87 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 87 आवेदन आये।

## जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न



**गोटेगांव**-विगत दिवस नगर में न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव द्वारा माननीय सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार आई टी आई संस्था तहसील गोटेगांव में विद्यार्थियों हेतु मौलिक अधिकार और मूल कर्तव्य के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।आयोजित कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव के अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय बॉबी सोनकर,प्रधान अध्यापक एवं समस्त स्टाफ न्यायालय के और विधिक सेवा कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर साहिल मेहरा सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव के अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय बॉबी सोनकर द्वारा आयोजित शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को भारत के संविधान में निहित मूल अधिकार जैसे समानता का अधिकार,स्वतंत्रता के अधिकार,शोषण के खिलाफ स्वतंत्रता का अधिकार,धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार,सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार,संवैधानिक उपचारों का अधिकार एवं संविधान में निहित मूल कर्तव्यों के बारे में जानकारी साझा की गई और बच्चों को बताया गया।साथ ही पॉक्सो अधिनियम एवं दिनांक 1 जुलाई 2024 को लागू की गई नई नई धाराओं की भी संक्षिप्त रूप से जानकारी प्रदान की गई।इसके साथ साथ मोटर व्हीकल एक्ट, सोशल मीडिया के सदुपयोग तथा दुरुपयोग के विषय में जानकारी प्रदान की गई।विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र और छात्राओं को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया।माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा छात्र एवं छात्राओं को उनके क्षेत्रधिकारों के बारे में जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं को उनके भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

**प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय मोतिहारी,**
**पूर्वी चम्पारण**

**विवाह - विच्छेद वाद सं.-236/24**
**गायत्री भसीन..........आवेदिका**
**बनाम**
**विवेक भसीन.............विपक्षी**
**नोटिस बनाम**

विवेक भसीन पिता धरमवीर भसीन साकिन - गणेश गंज, वार्ड- करेली जिला - नरसिंहपुर राज्य मध्य प्रदेश।

यूँ बजरीय इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि अदालत हाजा के समन नोटिश बजरीय ज्यादे अदालत वो बजरिये स्पीड पोस्ट से प्राप्त करने वो इस मुकदमें की कार्यवाही पूरी जानकारी रखते हुए भी आप मोकदमा हाजा मैं हाजिर नहीं हुए । अतः आपको इस दैनिक समाचार के माध्यम से सूचित दिया जाता है कि दिनांक - 5.2.2025 को 10 :30 बजे आप खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जबाब दें । अन्यथा आपके अनुपस्थिति में इस मुकदमा की एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी । इसे ताकिद जानें।

आज दिनांक 03/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मुहर से जारी हुआ।

मुद्रा
**प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण**